<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी– आईएसआई को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में यूपी एटीएस ने फिरोजाबाद आयुध कारखाने के कर्मचारी को किया गिरफ्तार, कई गोपनीय और संवेदनशील दस्तावेज बरामद।
- प्रदेश भर में पारम्परिक उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई होली, गोरखपुर के विविध आयोजनों में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा–सनातन धर्म की ताकत ही हमारी आत्मा है।
- विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स दो हजार पचीस के तहत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए केंद्र सरकार ने एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की।
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में कल से शुरू हुई बारिश और बूंदाबांदी। मौसम विज्ञान विभाग ने कुछ स्थानों पर बज्रपात और ओलावृष्टि की भी दी है चेतावनी।

**********

उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ता – एटीएस ने फिरोजाबाद में आयुध कारखाने के एक कर्मचारी रवींद्र कुमार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी– आईएसआई के एजेंट को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस के अपर महानिदेशक नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि रवींद्र कुमार को एक दूसरे एजेंट नेहा को कारखाने के दैनिक उत्पादन की जानकारी देते हुए पकडा गया। उन्होंने बताया कि आरोपी की दोस्त नेहा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी की एजेंट थी। दोनों के बीच वॉट्स ऐप चैट, ऑडियो और वीडियो कॉल का आदान–प्रदान हुआ है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के फोन पर कई गोपनीय दस्तावेज पाए गए, जिनमें ड्रोन और अन्य रक्षा उपकरणों से संबंधित फैक्ट्री की उत्पादन रिपोर्ट, गोपनीय बैठकों की फाइलें, सरकारी फैक्ट्री की स्टॉक सूची और संवेदनशील दस्तावेजों की अनधिकृत प्रतियां शामिल थीं।

**********

रंगों का त्योहार होली कल प्रदेश भर में पारम्परिक उत्साह के साथ धूम–धाम से मनाया गया। कल भी समूचा ब्रज मंडल रंगोत्सव में डूबा रहा। वहां देश विदेश से आये श्रद्धालुओं ने होली का आनंद लिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**समूचा बृजमण्डल में होली पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया, मुख्य रूप से होली का धमाल भगबान कृष्ण की जन्मभूमि, वृन्दाबन के विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेविहारीजी मंदिर प्रमुख मंदिरो में देश–विदेश आये लाखो श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल के रंगो में सराबोर हो गए, चहुओर होली का आनंद रस बरसा। जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंजाम रहे है। मुहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

धार्मिक नगरी अयोध्या, मथुरा और काशी में रंग पर्व का उत्साह चरम पर रहा। अयोध्या में कल सुबह श्री रामलला के श्रृंगार के बाद लोगों ने होली की शुरूआत की। एक रिपोर्ट

**केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से सजी संवरी अयोध्या इस होली पर खूब इठलाई,विशेष आकर्षण का केंद्र भगवान राम लला रहे,जिनका भक्तों ने होली खेलते स्वरूप में दर्शन किया और निहाल हो उठे, रामलला को श्रंगार के बाद गुलाल लगाने के साथ ही पिचकारी धारण कराई गई, साथ ही विशेष व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया,दूसरे पहर रामलला के दरबार में संगीत की महफिल जमीं और तुलसीदास के रचित बसंत के गीतों की धुन पर पुजारी जमकर थिरके और 10 कुंतल फूल रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं पर बरसाए गये, इसके अतिरिक्त अयोध्या के 10000 मंदिरों में भी यही दृश्य रहा,जहां मंत्रोच्चारण के साथ विग्रहों को नए वस्त्र धारण कराकर विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया और फिर साधु,संत और भक्तों ने अपने आराध्य से फूलों की होली खेली,तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

उधर, शिव नगरी काशी में भी परम्परागत रंगोत्सव की धूम रही।

**काशी की रंग तरंग और भंग की होली हर्षोउल्लास और फगुआ के गीतों के बीच संपन्न हुई काशी के लगभग प्रत्येक घाट पर युवाओं की टोली जहां पर रंगों के त्यौहार को जीने की कोशिश कर रही थी वहीं पर गोदौलिया चौराहे पर स्थानीय निवासियों की मस्ती बरबस लोगों का ध्यान खींच रही थी। विभिन्न मंदिरों में साधु संन्यासियों ने भी होली खेली तो वहीं बाबा विश्वनाथ को कचनार के फूलों से बने गुलाल अर्पित किए गए। आकाशवाणी समाचार के वाराणसी से मनीष सिंह।**

वहीं पीलीभीत जिले में होली के विविध रंग देखने को मिलते हैं। वहां गालियां देकर फगुआ वसूलने की अनूठी परम्परा जारी रही। यह परम्परा साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल बनी हुई है। बाराबंकी जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेव मंदिर में भी होली धूमधाम से मनाई गई।

प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद पारम्परिक होली की शुरूआत की। इस दौरान साधु–संतों के साथ श्री योगी ने फाग गीतों का आनंद लिया। इसके बाद वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और श्री होलिका उत्सव समिति की तरफ से निकाली गई भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभा यात्रा में शामिल हुए।

इस मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि सनातन धर्म जैसे पर्व–त्योहार की समृद्ध परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती।

**पर्व और त्यौहारों की ऐसी परंपरा दुनिया के पास किसी भी अन्य देश में किसी भी अन्य जाति मध्य मजहब के पास नहीं जितनी समृद्ध परंपरा सनातन धर्म के पास है। सनातन धर्म की ताकत ही हमारी आत्मा है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली पर्व एकता का प्रतीक है। वह कल शाम को गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में भी शामिल हुए। इस दौरान फूलों की होली खेली गई और फाग गीत भी गाए गये। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर्व पर हर सनातन धर्मावलंबी गले मिल रहा है, रंग और गुलाल लगा रहा है और यही हमारी ताकत है।

**********

होली का पर्व मनाकर अपने–अपने गंतव्य को वापस जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष प्रबंध किये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि मंडल मुख्यालय पर एक वार रूम भी बनाया गया है, जो 24 घंटे क्रियाशील रहेगा।

**लखनऊ डिवीजन में एक कंट्रोल ऑफिस होता है राउंड थे क्लॉक  तीनों शिफ्ट में दस दिनके लिए एक गैजेटेड ऑफिसर वहाँ बैठेगा जो की ओन थे स्पॉट को डिसीजन लेना है वो लेकर के उसको सॉर्ट आउट करेगा। हमने तीन और स्टेशन आइडेंटिफाई किए है गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ जंक्शन तीनों पे राउंड थे क्लॉक एक सेपरेट अधिकारी अलग अलग तीनों पर बैठेगा जिसका काम कमर्शियल, आरपीएफ मेनली यही दो होते हैं। लेकिन अगर कुछ और भी पैसेंजर एमेनिटीज संबंधी दिक्कतें हैं तीनों शिफ्ट में दस दिन के लिए बैठ के उसको सॉर्ट आउट करेंगे।**

**********

केन्द्र सरकार ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स दो हजार पचीस के तहत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। एक दिन पहले नई दिल्ली में वेव्स–दो हजार पचीस पर एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली मई से चार मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के इस सत्र का उद्देश्य वेव्स दो हजार पचीस से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था।

**********

दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रॉ–प्री दो हजार पचीस में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस खेल प्रतियोगिता में भारत को पैंतालिस स्वर्ण, चालीस रजत और उन्चास कांस्य सहित कुल एक सौ चौंतीस पदक हासिल हुए हैं। भारतीय एथलीट्स ने इस दौरान ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में असाधारण प्रदर्शन किया।

**********

प्रदेश के कई पश्चिमी जिलों में कल से बूंदाबांदी और बारिश शुरू हो गई। बदायूं जिले में कल रात हल्की बूंदाबांदी हुई, जबकि सहारनपुर में शाम से बादल छाए रहे और देर रात के बाद बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल तक बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के भी कुछ जिलों में भी सत्रह मार्च तक यही स्थिति बनी रहेगी। इस अवधि में प्रदेश के कई जिलों में बज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की भी चेतावनी दी गई है।

**********

प्रदेश के अयोध्या जिले के हैदरगंज इलाके के पारारामपुर गांव के पास कल एक तेज रफ्तार कार ने मोटर बाइक सवार चार युवकों को सामने से टक्कर मार दी । इस दुखद घटना में चारों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। कल प्रदेश के मिर्जापुर, देवरिया और अमेठी जिलों में हुए अलग अलग सड़क हादसों में करीब ग्यारह अन्य लोगों की भी मौत हो गई।

**********